# महर्षिपाणिनिसंस्कृतएवं वैदिकविश्वविद्यालय
Maharshi Panini Sanskrit Evam Vedic Vishwavidyalaya
देवास मार्ग, उज्जैन, मध्यप्रदेश- 456010
E-mail :- regpsvvmp@rediffmail.com, Website: - www.mpsvv.ac.in

क्र./पासंवि/गोप./24/4863

उज्जैन दिनांक: 9/5/2024

## // अधिसूचना //

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सत्र 2023-24 के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के आचार्य, एम.ए., एम.एस.सी. द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर CBCS एवं **NON-CBCS** के नियमित/स्वाध्यायी/पुनःपरीक्षा (ATKT) प्राप्त विद्यार्थियों से परीक्षाओं के आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा पोर्टल www.mpsvv.in के माध्यम से ऑनलाईन भरवाये जाने हेतु निम्नानुसार तिथियाँ घोषित की जाती हैं -

1) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
दिनांक 11 मई 2024 से 25 मई 2024 तक

2) **विलम्ब शुल्क रूपये 500/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
दिनांक 26 मई 2024 से 02 जून 2024 तक

3) **विलम्ब शुल्क रूपये 1000/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
दिनांक 03 जून 2024 से 09 जून 2024 तक

4) **विलम्ब शुल्क रूपये 1500/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
दिनांक 10 जून 2024 से परीक्षा प्रारम्भ होने के दो दिवस पूर्व तक

**नोट** - परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने संबंधी दिशा-निर्देश:-

1. परीक्षार्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करते समय यह सुनिश्चित कर ले कि उसके द्वारा जो प्रविष्टियाँ (नाम/माता-पिता का नाम/उपनाम/जन्मतिथि) आदि का विवरण भरा गया है वह उच्च माध्यमिक (हाईस्कूल 10वीं) के अंकपत्र में प्रदत्त विवरण अनुसार है।
2. परीक्षार्थी, ऑनलाइन फार्म भरने के पश्चात् उसको प्रिंट करवायेगा तथा आवश्यक अभिलेख संलग्न कर उसकी स्व-सत्यापित प्रति महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र में जमा करेगा।सम्बन्धित प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष उक्त आवेदन-पत्र अग्रसारित कर विश्वविद्यालय की ओर निर्धारित तिथि तक प्रेषित करेंगे।
3. प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय का होगा।

4. समस्त प्राचार्यों एवं विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि परीक्षार्थियों के आन्तरिक मूल्याङ्कन तथा परियोजना कार्य अथवा प्रायोगिक परीक्षा के अंक महाविद्यालय को प्रदत्त आईडी के माध्यम से ऑनलाइन भरें। इसके लिए 11 मई से 30 मई 2024 तक पोर्टल ओपन रहेगा । अतः समय सीमा को ध्यान में रखकर अंक भरना सुनिश्चित करें तथा प्रमाणित हार्ड कॉपी 10 जून 2024 तक विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

5. प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से अर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से जमा करवाएँ।

6. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर नियमित परीक्षार्थी को परीक्षा शुल्क 1300/- (एक हजार तीन सौ रुपए मात्र) विविध मदों सहित देय होगा जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।

7. स्वाध्यायी परीक्षार्थी को परीक्षा शुल्क 5800/- (पांच हजार आठ सौ रुपए मात्र) विविध मदों सहित देय होगा जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है।

8. स्वाध्यायी छात्रों का अग्रेषण शुल्क (Forwarding Fee) रूपये 150/- प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय संग्रहीत करेगा। इस राशि में से वि.वि. का अंश रूपये 75/- प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान वि.वि. को प्रेषित करेगा।

9. परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र शुल्क रूपये 150/-संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे। जिसका उपयोग परीक्षा केन्द्र में किया जायेगा।

10. संबंधित प्राचार्य परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

11. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात तीन (03) दिवस के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें।

12. समस्त महाविद्यालय विश्वविद्यालय से प्राप्त सम्बद्धता/निरंतरता प्रमाण-पत्र की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें इसके अभाव में परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं किये जावेंगें।

13. समस्त परीक्षार्थियों को 272/- रूपये (दो सौ बहत्तर) ऑनलाइन पोर्टल चार्ज तथा ऐसे परीक्षार्थी (नियमित/स्वाध्यायी) जो प्रथम बार परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं उन्हें नामांकन शुल्क रूपये 200/-(दो सो) के साथ कुल 472 रूपये ऑनलाइन भुगतान करना होगें।विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग के नियमित विद्यार्थियों से प्रवेश के समय पोर्टल तथा नामांकन चार्ज ले लिया गया है अतः उन्हें उक्त शुल्क का पुनः भुगतान नही करना होगा।

14. ऐसे परीक्षार्थी जो अर्हकारी परीक्षा (शास्त्री) बी.ए. या समकक्ष) मध्यप्रदेश की परिसीमा से बाहर स्थित (अन्य प्रदेश में स्थित) विश्वविद्यलय/संस्थान से उत्तीर्ण है, उन्हें 500 रूपये पात्रता शुल्क पृथक से देय होगा।

15. समस्त प्राचार्यों और विभागाध्यक्षों से विशेष अनुरोध है कि वह परीक्षार्थी के द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भर देने के उपरांत परीक्षा आवेदन में भरी गई जानकारियों का तथा उसके द्वारा अपलोड किए गए सभी दस्तावेजों का भली-भांति परीक्षण कर लें । यदि परीक्षा आवेदन में किसी भी प्रकार की अपूर्णता अथवा न्यूनता पाई जाती है तो इसके लिए संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य तथा विभागाध्यक्ष उत्तरदायी होंगे।

कुलसचिव

क्र./पासंवि/गोप./24/4864

उज्जैन दिनांकः 9/5/2024

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-**

1. प्राचार्य, संबंधित महाविद्यालय/समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा अधिसूचना से समस्त नियमित/स्वाध्यायी परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक परीक्षार्थियों को विधिवत् अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने/स्थानीय समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
2. माननीय कुलपति जी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
3. प्रभारी, आई.टी. सेल, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, वित्त/प्रशासन, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
6. समन्वयक, परीक्षा एवं गोपनीय, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।
7. श्री दीपक जैन, ई.वे.सो.प्रा.लि. की ओर परीक्षा आवेदन पोर्टल समय पर आरम्भ करने एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**समन्वयक**

**परीक्षा/गोपनीय**